**दिनांक–16.09.2023 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के आई0टी0 सेल एवं मानचित्र निर्माण से सम्बन्धित विषयों के सम्बन्ध में की गई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

दिनांक–16.09..2023 को श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में श्रीमती सईदा खातुन, उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना, श्री विनोद कुमार पंकज, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, विशेष सर्वेक्षण शाखा के सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं जिलों के नामित नोडल पदाधिकारी तथा निदेशालय के आई0टी0 सेल से सम्बद्ध सभी पदाधिकारियों/कर्मियों के साथ बैठकर आई0टी0 सेल एवं मानचित्र निर्माण से सम्बन्धित भू–नक्शा सॉफ्टवेयर, भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एवं R2R सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से सम्बद्ध सभी बिन्दुओं पर विस्तृत विमर्श किया गया।

बैठक में सर्वप्रथम आई0टी0 सेल से सम्बन्धित विशेषतः मानचित्र निर्माण के बारे में पूर्व में की गई सभी समीक्षात्मक बैठकों की कार्यवाही का अवलोकन किया गया। विगत् बैठकों की सभी कार्यवाहियों की प्रति उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय को बैठक में उपलब्ध कराते हुए निदेशित किया गया कि विगत् बैठकों में मानचित्र से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं के संबंध में लिए गए निर्णय के आलोक में जिन बिन्दुओं का अनुपालन अभी तक लंबित है, उनके अनुपालन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में भविष्य में विगत सर्वेक्षण के मानचित्रों के डिजिटाईजेशन, सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग, मानचित्रों का उत्पादन, काउन्टर के माध्यम से होनेवाली मानचित्र बिक्री, डोर स्टेप डिलिवरी से सम्बन्धित सभी विषय तथा विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अन्तर्गत मानचित्रों की सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग तथा सम्बद्ध विभिन्न प्रकार के कार्यों को करने के लिए उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को प्राधिकृत किया गया। साथ ही निदेशित किया गया कि मो0 अली, उच्चवर्गीय लिपिक एवं श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना के स्तर से किए जाने वाले सभी कार्यों को पूरा करने में अनिवार्य रूप से सहयोग प्रदान करेंगे।

बैठक में निम्नांकित विषयों पर बिन्दुवार समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरान्त निदेश दिए गए–

(i) भू–नक्शा सॉफ्टवेयर का User Interface और डैशबोर्ड में सुधार (Portal Face Lift)
(ii) पूर्व के सभी डिजिटाईज्ड मानचित्रों की सॉफ्टवेयरों की भू–नक्शा सॉफ्टवेयरों में अपलोडिंग (All Digitized Maps Uploading old maps)
(iii) विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार मानचित्रों की भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग (All SS Maps uploading stage wise)
(iv) ग्रामवार मानचित्रों की जियोरेफरेसिंग (Geo referencing issue)
(v) लोक सेवाओं के लिए बनाए गए पोर्टल/सेवाओं एवं संपत्ति कार्ड के साथ मानचित्र की सम्बद्धता। (API integration with Map related public services/Property Card sketch)

(vi) काउन्टर के माध्यम से विक्रय होने वाले मानचित्रों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा (Status of counter map delivery)

(vii) मानचित्रों के डोर स्टेप डिलिवरी की समीक्षा (Door Step Delivery (DSD) of Maps service)

(viii) डिजिटली हस्ताक्षरित मानचित्रों से सम्बन्धित कार्य (Digitally signed copy of maps)

(ix) कोर जी0आई0एस0 की स्थापना (पूर्व में जी0आई0एस0 लैब) (CORE GIS Proposal)

(x) डी0जी0पी0एस0 द्वारा मोन्यूमेंटेशन का कोर्डिनेट लिया जाना, सत्यापन कार्य एवं जी0सी0एन सॉफ्टवेयर में संधारण (DGPS observation, Verification and GCN Software)

(xi) विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत निर्मित होने वाले मानचित्रों में MAGIC के आधार पर की जाने वाली प्रविष्टियों की जाँच (Map layers entry cross checking on the basis of MAGIC)

(xii) शाहाबाद एवं मुशहरी अंचल (मुजफ्फरपुर) के मानचित्रों का डिजिटाईजेशन (Shahabad/Mushahri map digitization)

(xiii) आई0आई0टी0, रूड़की द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीक की सहायता से विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत मानचित्रों को प्रक्रमवार अद्यतन करने की प्रक्रिया (Real time map updation tool through IIT Rorkee)

(xiv) मानचित्र निर्माण एवं इसके सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण (Map related Training)

**(i) भू–नक्शा सॉफ्टवेयर का User Interface और डैशबोर्ड में सुधारः–** बैठक में श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर द्वारा बताया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के डैशबोर्ड बनाने का कार्य पूर्व में श्री संजीव कुमार, प्रोग्रामर, एन0आई0सी0 द्वारा किया गया था, किन्तु उसे ऑनलाईन अपलोड नहीं किया गया था।

निदेशित किया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के User Interface और डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों को एन0आई0सी0 के साथ समन्वय स्थापित कर 01 माह में पूरा कर लिया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुमार कन्हैया, GIS कोर्डिनेटर/श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(ii) पूर्व के सभी डिजिटाईज्ड मानचित्रों की भू–नक्शा सॉफ्टवेयरों में अपलोडिंगः–** बैठक में स्मारित किया गया कि दिनांक–16.12.2022 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में हुई आई0टी0 सेल की बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर अन्तर्गत विगत सर्वेक्षण के पाँच प्रकार के मानचित्रों यथा–1. कैडेस्ट्रल 2. रिविजनल 3. चकबन्दी 4. कैडेस्ट्रल म्युनिसिपल एवं 5. रिविजनल म्युनिसिपल सर्वे के डिजिटाईज्ड मानचित्रों में केवल कैडेस्ट्रल, रिविजनल और चकबन्दी के डिजिटाईज्ड मानचित्रों को अपलोड किया गया है, जिसकी संख्या वर्त्तमान में निम्न प्रकार है–

1. कैडेस्ट्रल सर्वेक्षण मानचित्र–9000
2. रिविजनल सर्वेक्षण मानचित्र–4420
3. चकबन्दी मानचित्र–36
4. कैडेस्ट्रल म्युनिसिपल मानचित्र–02
5. रिविजनल म्युनिसिपल मानचित्र–126

इस प्रकार समीक्षा में पाया गया कि सभी प्रकार के विगत सर्वेक्षण के मानचित्रों की बड़ी संख्या को अभी भी भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड करने की कार्रवाई नहीं की गई है।

निदेशित किया गया कि एक पक्ष के अन्दर विगत् सर्वेक्षण के जो भी डिजिटाईज्ड मानचित्रों को भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड किया जाना, उन्हें एक माह के अन्दर में भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन—उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना)**

**(iii)** **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार मानचित्रों की भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग** :— बैठक में दिनांक—16.12.2022 को आई0टी0 सेल की समीक्षात्मक बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार मानचित्रों की भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोडिंग करने संबंधी कार्य की वर्त्तमान स्थिति निम्नवत् पाई गई—

1. ग्राम—सीमा सत्यापित मानचित्र—3183
2. खानापुरी पूर्ण ग्रामों के मानचित्र—2494
3. प्रारूप मानचित्र—1031
4. अंतिम प्रकाशित मानचित्र—430
5. प्रपत्र—20 के बाद के मानचित्र—7

समीक्षा में पाया गया कि किसी भी प्रक्रम में प्रक्रमवार पूर्ण ग्रामों के मानचित्रों को हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड नहीं किया गया है। वर्त्तमान में 632 ग्रामों का अंतिम प्रकाशन एवं 1723 ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र प्रकाशित है एवं प्रथम चरण के 4927 ग्रामों ग्राम—सीमा सत्यापित कर 3399 ग्रामों की खानापुरी भी की जा चुकी है। प्रतिवेदित किया गया कि विगत् कुछ महीनों में भू—नक्शा सॉफ्टवेयर के सर्वर में आ रही समस्या के कारण सभी प्रक्रमों के मानचित्रों को भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड नहीं किया जा सका है।

निदेशित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के प्रक्रमवार मानचित्रों को एक पक्ष के अन्दर में भू—नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही एन0आई0सी0 के साथ समन्वय स्थापित कर भू—नक्शा सॉफ्टवेयर के सर्वर आदि से समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित की जाए।

**(अनुपालन—.श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर एवं तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

**(iv)** **ग्रामवार मानचित्रों की जियोरेफरेसिंग** :— निदेशित किया गया है कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया में विगत सर्वेक्षण के डिजिटाईज्ड मानचित्र इनपुट के रूप उपयोग हेतु संबंधित एजेंसी को दिया जा रहा है, जिसके उपयोग के फलस्वरूप विशेष सर्वेक्षण मानचित्र के साथ—साथ विगत सर्वे मानचित्र का भी जियोरेफरेंस स्वतः होता है। इस संबंध में सभी एजेंसी द्वारा किये जा रहे कार्यों का निश्चित रूप से अनुश्रवण करते हुए विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया द्वारा विभिन्न प्रक्रम में तैयार मानचित्र

अपलोडिंग के साथ–साथ विगत सर्वेक्षण जियोरेफरेसिंग मानचित्र भी प्राप्त किया जाय। जिन राजस्व ग्रामों का जियोरेफरेंस मानचित्र हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराया गया है, उसके संदर्भ में विगत् सर्वेक्षण के मानचित्रों की जियोरेफरेसिंग की उपयोगिता एवं उपयोग के संबंध में कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर स्पष्ट कर लिया जाए एवं विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अन्तर्गत प्रक्रमवार प्रगति के उपरांत जिन ग्रामों का जियोरेफरेंस मानचित्र तैयार हो रहा है, उनकी जिलावार सूची अलग से संधारित कर ली जाय।

**(अनुपालन–.श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर एवं मो0 अली, उच्चवर्गीय लिपिक)**

**(v)** **लोक सेवाओं के लिए बनाए गए पोर्टल/सेवाओं एवं संपत्ति कार्ड के साथ मानचित्र की सम्बद्धता** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि वर्त्तमान समय में भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के तहत प्रपत्र–12 के प्रकाशन पूर्व खानापुरी पर्चा के साथ निर्गत होने वाले एल0पी0एम0 को देखने की सुविधा लोक सेवाओं के लिए बनाए गए पोर्टल में उपलब्ध है। प्रारूप एवं अंतिम रूप से प्रकाशित मानचित्र एवं अंतिम प्रकाशन के उपरांत नागरिकों की प्रदान किये जाने वाले संपत्ति कार्ड के साथ मानचित्र को देखने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

निदेशित किया गया है कि लोक सेवाओं के लिए बनाए गए पोर्टल में एल0पी0एम0 के उपरान्त प्रारूप एवं अंतिम अधिकार अभिलेख के साथ भू–नक्शा सॉफ्टवेयर को सम्बद्ध करते हुए प्रत्येक प्रक्रम में मानचित्र देखने की सुविधा प्रदत्त की जाय एवं संपत्ति कार्ड के लिए टैब का प्रावधान करते हुए उसके माध्यम से मानचित्र देखने की सुविधा रैयतों को दी जाय। इस कार्य को 01 माह में पूर्ण कर लिया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(vi एवं vii)** **काउन्टर के माध्यम से विक्रय होने वाले मानचित्रों के अद्यतन स्थिति एवं डोर स्टेप डिलिवरी की समीक्षा**:– बैठक में बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना एवं जिलों में अधिष्ठापित प्लॉटरों के माध्यम से हो रही मानचित्रों की बिक्री की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि अभी भी काउन्टर के माध्यम से होने वाली मानचित्रों की बिक्री में बहुत कमी नहीं आयी है, जबकि डोर स्टेप डिलिवरी के माध्यम से मानचित्रों के ऑनलाईन डिलिवरी की व्यवस्था प्रारंभ की जा चुकी है। स्पष्ट है कि रैयतों में मानचित्रों की ऑनलाईन डिलिवरी के प्रति जागरूकता का अभाव है।

निदेशित किया गया कि बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना समेत सभी जिलों के मानचित्र विक्रय केन्द्रों पर मानचित्रों के ऑनलाईन डिलिवरी संबंधी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए मानचित्रों के डोर स्टेप डिलिवरी के संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय एवं आवश्यकतानुसार समाचार पत्रों में भी इस आशय का विज्ञापन प्रकाशित किया जाय। आगामी 6 माह के अन्दर मानचित्रों के डोर स्टेप डिलिवरी का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए मानचित्रों की बिक्री से संबंधित सभी काउन्टरों को बंद करने की कार्रवाई की जाए।

**(अनुपालन–उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना)**

**(viii) डिजिटली हस्ताक्षरित मानचित्रों से सम्बन्धित कार्यः–** निदेशित किया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में जिन मानचित्रों को संधारित किया जा रहा है, उन्हें जिला स्तर पर डिजिटली हस्ताक्षरित किया जा रहा है अथवा नहीं। प्रतिवेदित किया गया है कि वर्त्तमान में जिला स्तर से भू–नक्शा सॉफ्टवेयर अंतर्गत मानचित्रों में डिजिटल हस्ताक्षर नहीं किया जा रहा है।

निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत जिला/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के स्तर से अपलोड किये जाने वाले मानचित्रों में बन्दोबस्त पदाधिकारी के डिजिटल हस्ताक्षर को संधारित करने संबंधी कार्यों को 01 माह के अन्दर में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/एन0आई0सी0)**

**(ix) कोर जी0आई0एस0 की स्थापना (पूर्व में जी0आई0एस0 लैब):–** बैठक में प्रतिवेदित किया गया है कि कोर जी0आई0एस0 की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को भारत सरकार को समर्पित किये जाने के उपरांत 03 बार स्मारित किया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस माह के अंत में इससे संबंधित बैठक का आयोजन भारत सरकार के स्तर पर किया जाना है।

निदेशित किया गया कि कोर जी0आई0एस0 के संबंध भारत सरकार को पुनः स्मार पत्र देना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री विजय साम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0)**

**(x) डी0जी0पी0एस0 द्वारा मोन्यूमेंटेशन का कोर्डिनेट लिया जाना, सत्यापन कार्य एवं जी0सी0एन सॉफ्टवेयर में संधारणः–** बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व से संधारित जी0एस0एन0 सॉफ्टवेयर वर्त्तमान में सुचारू रूप से कार्यरत नहीं है। साथ ही हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा विशेष सर्वेक्षण के लिए बनाये गये मानचित्रों के ऑर्थोफोटोग्राफ के कोर्डिनेट जिलों को उपलब्ध कराये जा रहे है, जिन स्थानों पर मोन्यूमेंटेशन की कार्रवाई की जानी है, उनके कोर्डिनेट का सत्यापन डी0जी0पी0एस0 के माध्यम से हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा नहीं किया जा रहा है।

निदेशित किया गया कि आई0टी0 सेल के श्री कुणाल किशोर एवं प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर द्वारा जी0एस0एन0 सॉफ्टवेयर को पुनः बनाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाय एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा किये जाने वाले डी0जी0पी0एस0 ऑब्जरर्वेशन की समीक्षा करते हुए प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

**(xi) विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत निर्मित होने वाले मानचित्रों में MAGIC के आधार पर की जाने वाली प्रविष्टियों की जाँचः–** बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि पूर्व में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अंतर्गत प्रपत्र–6 में प्रविष्टि किये जाने वाले भौतिक विवरणी की जाँच पूर्व में जिस सॉफ्टवेयर के माध्यम से की जाती थी, वह वर्त्तमान में उपलब्ध नहीं है। वर्त्तमान समय में भौतिक विवरणी के संधारण की जाँच सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है।

निदेशित किया गया कि प्रपत्र–6 में संधारित की जाने वाली भौतिक विवरणी की जाँच करने का क्या तरीका होगा एवं इस तथ्य को किस प्रकार सत्यापित किया जाय कि प्रपत्र–6 में जो भी भौतिक विवरणी संधारित की गई है, उन्हें मानचित्र में प्रदर्शित किया गया है अथवा नहीं। इस संबंध में सुझाव दिया गया कि जिन राजस्व ग्रामों का मानचित्र अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है, उनके मानचित्रों को गूगल मैप, विशेष सर्वेक्षण मानचित्र एवं प्रपत्र–6 के साथ तुलनात्मक रूप से रखते हुए प्रारंभिक रूप से जाँच की जाय कि गूगल मैप में प्रदर्शित विशिष्ट एवं बड़े आकार की भौतिक विवरणी को विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में संधारित किया गया है अथवा नहीं। जिला स्तर पर प्रपत्र–6 में की गई भौतिक विवरणियों की प्रविष्टि का सत्यापन वास्तविक खेसरा के साथ औचक रूप से किया जा सकता है। पूर्व से प्रकाशित MAGIC को अद्यतन करने संबंधी प्रस्ताव हो तो उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर / विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

**(xii) <u>शाहाबाद एवं मुशहरी अंचल (मुजफ्फरपुर) के मानचित्रों का डिजिटाईजेशन</u> :–** प्रतिवेदित किया गया कि शाहाबाद एवं मुशहरी अंचल (मुजफ्फरपुर) के मानचित्रों के डिजिटाईजेशन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, किन्तु SDC के सर्वर पर संधारित नहीं किया गया है।

निदेशित किया गया कि शाहाबाद एवं मुशहरी अंचल (मुजफ्फरपुर) के मानचित्रों का डाटा डोर स्टेप डिलिवरी वाले सर्वर में एक माह के अंदर संधारित करना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर)**

**(xiii) <u>आई0आई0टी0, रूड़की द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीक की सहायता से विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया अन्तर्गत मानचित्रों को प्रक्रमवार अद्यतन करने की प्रक्रिया</u>:–**निदेशित किया गया कि दिनांक–18.09.2023 से 20.09.2023 तक आई0आई0टी0, रूड़की के श्री कमल जैन द्वारा Spatial Mutation के कार्य में मानचित्रों के अद्यतीकरण की प्रक्रिया के साथ–साथ विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया के विभिन्न प्रक्रमों यथा–किस्तवार, खानापुरी आदि में मानचित्रों को रोवर एवं मोबाईल ऐप की सहायता से करने का प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। उक्त प्रस्तुतीकरण के उपरान्त प्रस्तुतीकरण से सम्बन्धित एक प्रतिवेदन उपस्थापित किया जाए तथा इससे सम्बन्धी व्यावहारिक एवं अन्य कठिनाईयों एवं उनके समाधान के सम्बन्ध में आवश्यक मंतव्य दिए जाएं।

**(अनुपालन– श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0अ0 / श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, स0ब0प0)**

**(xiv) <u>मानचित्र निर्माण एवं इसके सम्बन्धित समस्याओं के निराकरण आदि से सम्बन्धित प्रशिक्षण</u>:–** प्रतिवेदित किया गया कि वर्त्तमान में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत मानचित्रों से सम्बद्ध विभिन्न प्रकार की समस्याओं उनके समाधान इत्यादि से सम्बन्धित विषयों के बारे में निदेशालय के जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, आई0आई0टी0

सेल के प्रोग्रामर एवं निदेशालय स्तर पर संबंधित जिलों नोडल पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है।

निदेशित किया गया कि You Tube एवं अन्य सोशल प्लेटफार्म पर मानचित्रों के निर्माण, GIS इत्यादि से सम्बन्धित विषयों के गुणवत्तापूर्ण विडियो को पक्ष के अन्दर ऑनलाईन सर्च कर उन्हें अपलोड कर उनकी एक सूची तैयार कर ली जाए एवं सभी उपलब्ध विडियो में उपयोगी सामग्री का चयन कर उन्हें पदाधिकारियों/कर्मियों को उपलब्ध कराया जाए।

**(अनुपालन– श्री प्रवीण कुमार, स०ब०प०/श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा०अ०/ श्री कुमार कन्हैया, जी०आई०एस० कोर्डिनेटर )**

## भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एवं R2R सॉफ्टवेयर

भू–नक्शा सॉफ्टवेयर एवं मानचित्रों से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं के समीक्षोपरान्त दिए गए निदेशों के उपरान्त बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर एवं R2R सॉफ्टवेयर से सम्बन्धित समस्याओं और उनके समाधान के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गई एवं निदेश दिए गए, जो निम्नवत् हैं–

**(i)** **भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का वेबसाईट**– निदेशित किया गया कि वर्त्तमान समय में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय का जो वेबसाईट ऑनलाईन प्रदर्शित है, उसमें प्रयुक्त किये गये Font को NIC के वेबसाईट के अनुरूप बनाया जाय एवं वेबसाईट को मोबाईल में परिचालन किये जाने के अनुकूल हों।

निदेशित किया गया कि इस कार्य को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(ii)** **भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अन्तर्गत की गई प्रविष्टियों में त्रुटि सुधार के लिए जिला एवं निदेशालय के मध्य विषय का विभाजन**– प्रतिवेदित किया गया कि जिला स्तर से भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रविष्टियों को संधारित किये जाने एवं विभिन्न प्रक्रमों के उपरान्त लॉक कर दिये जाने के उपरान्त अनेक प्रकार की त्रुटियों के निवारण के संबंध में निदेशालय स्तर पर अनुरोध किया जाता है। बैठक में सुझाव दिया गया कि विभिन्न प्रकार की छोटी–छोटी त्रुटियों को सुधार करने की शक्ति जिला स्तर पर प्रदत्त किये जाने की आवश्यकता है।

निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर में स्पष्ट किया जाय कि भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर से संबंधित किस प्रकार प्रविष्टियों में सुधार करना का दायित्त्व जिला स्तर पर दिया जाय एवं किस प्रकार की त्रुटियों का सुधार अनिवार्य रूप से निदेशालय स्तर से किया जाय।

**(अनुपालन–विशेष सर्वेक्षण कोषांग)**

**(iii)** **दावा/आपत्ति के संबंध में**– बैठक में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के विभिन्न प्रक्रमों में रैयतों द्वारा समर्पित किये जाने वाले दावा/आपत्ति एवं निर्धारित समय–सीमा उपरान्त प्राप्त दावा/आपत्ति को नहीं प्राप्त करने के संबंध में भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत

प्रपत्र–8 के लिए 15 दिन एवं प्रपत्र–12 के पश्चात् 30 दिनों की समय–सीमा संधारित की गई है, किन्तु प्रपत्र–20 के बाद दावा/आपत्तियों के ऑनलाईन संधारण नहीं होने के कारण समय–सीमा निर्धारित नहीं की जा सकी है।

निदेशित किया गया कि प्रपत्र–20 के पश्चात् रैयतों से प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति के ऑनलाईन संधारण एवं नियमावली के अनुकूल 90 दिनों की समय–सीमा को निर्धारित किये जाने का प्रावधान भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत करना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही यह भी निदेशित किया गया कि जिला स्तर पर रैयतों को ऑनलाईन दावा/आपत्ति समर्पित करने के लिए जागरूक किया जाय एवं सभी जिलों को इस संबंध में व्यापक प्रचार–प्रसार करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिये जाय। उक्त सभी कार्यों को एक माह के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(iv)** **<u>रैयतों द्वारा समर्पित की जाने वाली स्वघोषणा के लिए समय–सीमा का निर्धारण</u>**– प्रतिवेदित किया गया कि विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए जिलास्तरीय उद्घोषणा के पश्चात् रैयतों द्वारा दी जाने वाली स्वघोषणा के ऑनलाईन जमा कराने की समय–सीमा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में निर्धारित नहीं होने के कारण रैयतों द्वारा लंबे समय तक स्वघोषणा समर्पित कर दी जाती है, जिस कारण कार्य की प्रगति प्रभावित होती है।

निदेशित किया गया कि 15 दिनों के अंदर भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत रैयतों से ली जाने वाली ऑनलाईन स्वघोषणा के लिए 45 दिनों की समय–सीमा निर्धारित की जाय ताकि निर्धारित समयावधि के पश्चात् रैयतों द्वारा स्वघोषणा को ऑनलाईन समर्पित नहीं किया जा सके।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(v)** **<u>विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य में प्रपत्र–18 'क' के लिए भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का लॉगिन बनाने के संबंध में</u>**– प्रतिवेदित किया गया कि जिन भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का मोबाईल नं0 प्राप्त हो गया है, उनका लॉगिन संधारित कर दिया गया है एवं कार्रवाई संबंधी यूजर मैनुअल भी तैयार कर लिया गया है।

निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर शेष सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता का लॉगिन कर लिया जाय एवं यूजर मैनुअल को पत्र के माध्यम से अविलंब सभी संबंधित भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन–श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/विशेष सर्वेक्षण शाखा)**

**(vi)** **<u>विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य से संबंधित भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अंचल अधिकारी के लॉगिन के संबंध में</u>**– प्रतिवेदित किया गया कि वर्त्तमान में प्रपत्र–5 एवं प्रपत्र–6 के अवलोकन एवं सरकारी भूमि से सुनवाई संबंधी सूचना को अंचल अधिकारी स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए सभी अंचलाधिकारियों के मोबाईल को सम्बद्ध किया गया है, किन्तु अनेक अंचल अधिकारी के नं0 में परिवर्त्तन होने अथवा अंचल अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिये जाने के कारण यह कार्य प्रभावकारी तरीके से लागू नहीं हो पा रहा है।

निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आई0टी0 मैनेजर द्वारा विभागीय कार्यो के लिए अंचल अधिकारियों हेतु जो लॉगिन बनाया गया है, उसी में एक Hyperlink देते हुए विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त से संबंधित सभी आवश्यक कार्यों एवं सूचनाओं को उसमें सम्बद्ध कर दिया जाय। साथ ही राजस्व विभाग से सभी राजस्व कर्मचारियों का मोबाईल नं0 प्राप्त कर उन्हें विशेष सर्वेक्षण की प्रक्रिया में सम्बद्ध करने हेतु प्रस्ताव दिया जाय।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(vii)** **अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन उपरान्त अभिधारी खाता पंजी, चालू खतियान एवं पंजी—2 के लिए टैब बनाने के संबंध में**— निदेशित किया गया कि दिनांक—30.09.2023 तक अंचल स्तर से अभिधारी खाता पंजी, चालू खतियान एवं पंजी—2 को बनाने हेतु डाटा सृजन के लिए अलग—अलग टैब बनाना सुनिश्चित किया जाय।

साथ ही अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन उपरान्त नागरिक संपत्ति कार्ड को ऑनलाईन करने एवं संपत्ति कार्ड के साथ खेसरा के आई0डी0 के प्रदर्शन एवं खेसरावार एल0पी0एम0 को ऑनलाईन करने का कार्य भी सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर)**

**(viii)** **विशेष सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सरकारी भूमि के डाटा संधारण के संबंध में**— निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर वर्त्तमान समय में विशेष सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर अंतर्गत की जाने वाली सरकारी भूमि की प्रविष्टि के संधारण का अवलोकन कर स्पष्ट किया जाय कि ग्रामवार सरकारी भूमि के प्रविष्टि की क्या स्थिति है।

**(अनुपालन— श्री प्रवीण कुमार, स0ब0प0/श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0अ0)**

**(ix)** **ग्रामों के एल0जी0डी0 कोड के संबंध में**— निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों का एल0जी0डी0 कोड प्राप्त हो गया है, उन्हें भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में ग्रामों के साथ संधारित कर दिया जाए एवं जिन ग्रामों का एल0जी0डी0 कोड नहीं बना है, उसके संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाय।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर/श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर)**

**(x)** **भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में सुनवाई के संबंध में**— निदेशित किया गया कि भू—सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में Search Facility का दायरा विस्तृत करते हुए Multi Search Option देने की व्यवस्था की जाय। साथ ही सुनवाई संबंधी आदेश में यदि तीन विभिन्न तिथियों में सुनवाई कर आदेश पारित किया जाता है तो तीनों को एक साथ देखने की व्यवस्थाक की जाय।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(xi)** **सर्वे ट्रेकर के संबंध में**— निदेशित किया गया कि दिनांक—05.10.2023 तक सर्वे ट्रेकर में ग्रामवार प्रगति संबंधित ऑकड़ों को अद्यतन करना सुनिश्चित किया जाय।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(xii)** **प्रपत्र—6 की इंट्री की स्थिति**— निदेशित किया गया कि सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0)/राजस्व पदाधिकारी के स्तर से यह देखने की व्यवस्था की जाय कि एक दिन में अमीन द्वारा प्रपत्र—6 में कितनी प्रविष्टि की गई है।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(xiii)** **<u>R2R सॉफ्टवेयर</u>**— निदेशित किया गया कि अक्टूबर, 2023 के अंत तक R2R सॉफ्टवेयर में सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का सेवा इतिहास संधारित करना सुनिश्चित किया जाए।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(xiv)** **<u>Employee Corner के सृजन के संबंध में</u>**— निदेशित किया गया कि दिनांक—15.10.2023 तक क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मियों द्वारा दिये जाने वाले आवेदनों, शिकायतों इत्यादि को ऑनलाईन समर्पित करने के लिए सॉफ्टवेयर अंतर्गत Employee Corner का सृजन किया जाए।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

**(xv)** **<u>MIS Software के संबंध में</u>**— निदेशित किया गया कि वर्त्तमान समय में MIS Software के तहत् समीक्षा के लिए निर्धारित बिन्दुओं की पुनः समीक्षा कर आवश्यक संशोधनों के साथ दिनांक—15.10.2023 तक प्रथम संशोधन के साथ MIS Software संधारित किया जाए।

**(अनुपालन—श्री कुणाल किशोर/श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर )**

अंत में यह स्पष्ट करते हुए कि राजस्व नक्शों से सम्बन्धित सभी प्रकार के कार्यों का सम्पादन उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में किया जाएगा तथा सभी कार्यों को ससमय पूर्ण कराना उनका दायित्व होगा। इसी प्रकार IT सेल, भू—सर्वेक्षण एवं R2R साफ्टवेयरों एवं उनसे सम्बद्ध सभी प्रकार के एप, टूल आदि से सम्बन्धित सभी कार्यों का सम्पादन सहायक निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप के नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में किया जाएगा तथा सभी कार्यों को ससमय सम्पन्न कराना उनका दायित्व होगा।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

**ह0/—**
**(जय सिंह)**
सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार
विभाग—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13/2023....8097.......... **पटना, दिनांक**: 22/09/2023

**प्रतिलिपिः** उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

22/9/23

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13/2023....8097.......... **पटना, दिनांक**: 22/09/2023

**प्रतिलिपिः** एन0आई0सी0, पटना/हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13 / 2023......8097...... **पटना, दिनांकः** 22/09/2023
**प्रतिलिपिः** प्रशाखा पदाधिकारी / सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / श्री शैलेश कुमार श्रीवास्तव, स0ब0प0 / श्री प्रवीण कुमार, स0ब0प0 / श्री सुधीर कुमार ओंकारा, रा0आ0, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13 / 2023......8097...... **पटना, दिनांकः** 22/09/2023
**प्रतिलिपिः** प्रभारी, आई0टी0 सेल / श्री विजय साम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0 / श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर / श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर / श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13 / 2023......8097...... **पटना, दिनांकः** 22/09/2023
**प्रतिलिपिः—** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0 (3) विविध (आई0टी0 सेल)—13 / 2023......8097...... **पटना, दिनांकः** 22/09/2023
**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

22/9/23

**सचिव,**
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
—सह—निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev 2023\Birendra\Proceeding\Proceeding_16.09.2023.docx